# CG TET

## Previous Year Paper

### 2014 Paper-II


Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम)

# छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा

## सामाजिक अध्ययन (पेपर II) कक्षा 6-8

## सॉल्वड पेपर 2014

समय 90 मिनट ▸ अंक 150

### निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा परीक्षा की अवधि 90 मिनट है।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है तथा गलत उत्तर देने के लिए नकारात्मक अंक का प्रावधान नहीं है।
3. इस परीक्षा-पुस्तिका में चार भाग हैं, भाग I : बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र (प्रश्न सं. 1-30), भाग II : सामान्य हिन्दी (प्रश्न सं. 31-60), भाग III : सामान्य अंग्रेजी (प्रश्न सं. 61-90), भाग IV : सामाजिक अध्ययन (प्रश्न सं. 91-150)

### भाग-I बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

1. भूख और प्यास हैं
(a) व्यक्तिगत प्रेरक
(b) जन्मजात प्रेरक
(c) सामाजिक प्रेरक
(d) अर्जित प्रेरक

2. कक्षा-कक्ष में शिक्षक व विद्यार्थियों के मध्य सम्प्रेषण होना चाहिए
(a) पाठ्य-पुस्तक केन्द्रित
(b) विद्यार्थी केन्द्रित
(c) शिक्षक केन्द्रित
(d) उद्देश्य केन्द्रित

3. यदि कोई बच्चा विद्यालय में हमेशा देर से पहुँचता है, तो आप क्या करेंगे?
(a) उसे डाँटेंगे ताकि वह यह गलती दोबारा न दोहराए
(b) प्रधानाचार्य को बताएँगे
(c) उसके माता-पिता से सम्पर्क करेंगे
(d) बच्चे से बातचीत करके कारण जानने का प्रयास करेंगे

4. वर्तमान समय में शिक्षा का सबसे उपयुक्त उपागम कौन-सा है?
(a) व्यवहारवादी उपागम
(b) सृजनवादी उपागम
(c) संरचनात्मक उपागम
(d) मानवतावादी उपागम

5. स्कूलों में अधिकतर शिक्षकों में अपने छात्रों के लिए किसका सर्वाधिक अभाव पाया जाता है?
(a) स्नेह
(b) क्रोध
(c) दोषारोपण
(d) घृणा

6. परीक्षा में विद्यार्थियों से किस प्रकार के प्रश्न पूछने चाहिए?
(a) स्मृति एवं समझ आधारित
(b) वस्तुनिष्ठ एवं विषयगत
(c) समझ एवं अनुप्रयोग आधारित
(d) केवल वस्तुनिष्ठ

7. एक कक्षा में बहुभाषी विद्यार्थी हैं; यह स्थिति उत्पन्न करती है
(a) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में बाधा
(b) विद्यार्थियों के मध्य सामंजस्य की समस्या
(c) अध्यापक में कुण्ठा
(d) सीखने के समृद्ध संसाधन

8. यदि कक्षा में पढ़ाते समय आपको महसूस होता है कि अचानक सभी बच्चे पढ़ने में रुचि नहीं ले रहे हैं, तो आप क्या करेंगे?
(a) कोई ध्यान नहीं देंगे और पढ़ाना जारी रखेंगे
(b) पढ़ाना बन्द कर देंगे
(c) बच्चों को ध्यान देने को कहेंगे
(d) कारण जानने की कोशिश करेंगे

9. निष्पत्ति लब्धि (AQ) का सूत्र होता है
(a) $AQ = \frac{MA}{CA} \times 100$ (b) $AQ = \frac{CA}{EA} \times 100$
(c) $AQ = \frac{EA}{CA} \times 100$ (d) $AQ = \frac{EA}{MA} \times 100$

Adda247 GET IT ON Google Play



**10.** उच्च प्राथमिक स्तर पर शिक्षक को क्रियात्मक शोध का ज्ञान होना चाहिए, क्योंकि वे
(a) इसके माध्यम से बच्चों की समस्या की पहचान कर सुधार करने का कौशल विकसित कर पाएँगे
(b) अपना स्वयं का विकास कर पाएँगे
(c) बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ा पाएँगे
(d) शोध करने का कौशल विकसित कर पाएँगे

**11.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में 6 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चे विद्यालय कभी न गए अथवा विद्यालयी शिक्षा अधूरी छोड़ने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु
(a) विशेष पाठ्यक्रम लागू करने पर जोर दिया है
(b) विशेष प्रशिक्षण लागू करने पर जोर दिया है
(c) अलग से विद्यालय खोलने की बात कही है
(d) अलग से शिक्षक नियुक्त करने की बात कही है

**12.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. एक तत्त्व सिद्धान्त | 1. गिलफोर्ड |
| B. बहुतत्त्व सिद्धान्त | 2. बिने |
| C. समूह तत्त्व सिद्धान्त | 3. थॉर्नडाइक |
| D. त्रिआयाम सिद्धान्त | 4. थर्स्टन |

कूट

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 | (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**13.** यदि आपकी कक्षा का कोई बच्चा प्रायः चुप रहता है, तो आप क्या करेंगे?
(a) उसकी ओर कोई ध्यान नहीं देंगे
(b) उसको किसी मनोवैज्ञानिक के पास ले जाएँगे
(c) उसके चुप रहने के कारण को जानने का प्रयास करेंगे
(d) उसके माता-पिता से बात करेंगे

**14.** सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन से तात्पर्य है
(a) नियमित रूप से मासिक परीक्षा लेना
(b) सीखने की प्रक्रिया के दौरान शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक क्षेत्रों को नियमित रूप से आकलित करना
(c) नियमित रूप से कक्षा में गतिविधियाँ आयोजित करना
(d) अंक या ग्रेड प्रदान करना

**15.** बालक केन्द्रित शिक्षा के अन्तर्गत क्या सम्मिलित नहीं है?
(a) गृहकार्य प्रदान करना
(b) बालक को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करना
(c) बालक के अनुभव को प्राथमिकता प्रदान करना
(d) बालक की सृजनात्मकता को बढ़ावा देना

**16.** "प्रतिभाशाली बालक वह है, जो अपने उत्पादन की मात्रा, दर तथा गुणवत्ता में विशिष्ट होता है।" यह कथन दिया गया है
(a) टर्मन एवं ओडन द्वारा
(b) कैरल एवं मार्टिन्स द्वारा
(c) आर. डब्ल्यू. टेलर द्वारा
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**17.** बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के दौरान, वे उस कार्य को किस प्रकार से कर रहे हैं, इसकी जानकारी इन्हें
(a) कार्य समाप्त होने के पश्चात् दी जानी चाहिए
(b) कार्य करते समय सतत् रूप से दी जानी चाहिए
(c) कार्य के बीच में एक बार दी जानी चाहिए
(d) इसकी कोई आवश्यकता नहीं है

**18.** यदि आपकी कक्षा में कोई बच्चा अधिगम अक्षम हो, तो आप क्या करेंगे?
(a) उसकी ओर कोई ध्यान नहीं देंगे
(b) उसकी अक्षमता किस प्रकार की है, यह जानकर उसको सिखाने का प्रयास करेंगे
(c) उसकी अतिरिक्त कक्षा लेंगे
(d) उसकी बैठक व्यवस्था कक्षा के बुद्धिमान बच्चों के साथ करेंगे

**19.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप-रेखा 2005 की संस्तुतियों के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) विश्वविद्यालयों को राजनीति से मुक्त रखना
(b) ज्ञान को बाह्य जीवन से जोड़ना
(c) राष्ट्र के प्रजातान्त्रिक मूल्यों का सम्मान
(d) परीक्षाओं में लचीलापन

**20.** बच्चों के भाषायी विकास के लिए जरूरी है कि
(a) उनको अधिक-से-अधिक अपने विचार व्यक्त करने के अवसर देने चाहिए
(b) भाषायी कौशलों के विकास हेतु गतिविधियाँ आयोजित की जानी चाहिए
(c) लिखना, पढ़ना, बोलना तथा सुनने का अभ्यास करना चाहिए
(d) उपरोक्त सभी

**21.** कक्षा-कक्ष में बैठक व्यवस्था कैसी होनी चाहिए?
(a) कक्षा-कक्ष में कराई जा रही गतिविधियों के अनुरूप
(b) रोज एक जैसी होनी चाहिए
(c) एक ही लाइन में बच्चों को बैठाना चाहिए
(d) इस प्रकार से हो कि वे एक-दूसरे से बातचीत न कर सकें

**22.** अन्तर्वैयक्तिक बुद्धि से तात्पर्य है
(a) स्वयं की क्षमताओं एवं कमजोरियों की पहचान करना
(b) दूसरों को अभिप्रेरित करने का कौशल
(c) विभिन्न व्यक्तियों को समझने का कौशल
(d) दूसरों के साथ बातचीत करने का कौशल

**23.** वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका है
(a) ज्ञान देने वाले की
(b) सुगमकर्ता की
(c) मित्र की
(d) प्रबन्धक की

**24.** आपको लगता है कि आपकी कक्षा में कुछ बच्चे बहुत तेज गति से सीख रहे हैं और कुछ बहुत धीमी गति से। इस परिस्थिति में आप क्या करेंगे?
(a) तेज गति से सीखने वाले बच्चों को आगे बढ़ने देंगे
(b) धीमी गति से सीखने वाले बच्चों पर कोई ध्यान नहीं देंगे
(c) इस बात पर कोई ध्यान नहीं देंगे
(d) तेज गति से सीखने वाले बच्चों की सहायता धीमी गति से सीखने वाले बच्चों को सिखाने हेतु लेंगे

**25.** शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की दृष्टि से एक अच्छा शिक्षक वह है, जो
(a) कक्षा में बातचीत रोकने में सफल हो जाता है
(b) बातें करने वालों को दण्डित करता है
(c) उदासीन है
(d) जो सोचता है कि बातचीत को सीखने के संसाधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है

**26.** प्रयोजना विधि के प्रतिपादक हैं
(a) दुर्खीम (b) प्लेटो
(c) किलपैट्रिक (d) सुकरात

**27.** मूल्यांकन प्रक्रिया के तीन महत्त्वपूर्ण बिन्दु हैं
(a) उद्देश्य, अधिगम अनुभव व मूल्यांकन के उपकरण
(b) छात्र, अध्यापक व उद्देश्य
(c) छात्र, समाज व अधिगम के अनुभव
(d) छात्र, परीक्षा व परिणाम

**28.** कक्षा-कक्ष का वातावरण होना चाहिए
(a) शान्त
(b) शोरगुल से भरा
(c) अनुशासन से पूर्ण
(d) मैत्रीपूर्ण

**29.** कठोर शिल्प उपागम किस सिद्धान्त पर आधारित है?
(a) औद्योगिक
(b) इन्जीनियरिंग
(c) व्यावसायिक
(d) अनुदेशन

**30.** किशोरावस्था में बच्चे किस प्रकार की समस्या का सामना करते हैं?
(a) शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन से समायोजन करना
(b) अपने साथियों से समायोजन करना
(c) अपने माता-पिता से समायोजन करना
(d) पढ़ाई सम्बन्धी समायोजन करना

Adda247 GET IT ON Google Play



## भाग–II सामान्य हिन्दी

**31.** धर्म-कर्म किस प्रकार का शब्द है?
(a) विकारी (b) युग्म (c) विशेषण (d) अव्यय

**32.** मैंने तो कुछ नहीं किया प्रस्तुत वाक्य में 'तो' व्याकरण की दृष्टि से क्या है?
(a) क्रिया-विशेषण (b) कर्ता
(c) कारक (d) निपात

**33.** किए गए उपकार का फल न मानने वाला वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) कृतघ्न (b) कृतज्ञ
(c) अपकृत (d) उपकृत

**34.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है
(a) तुलसी की कविता में माधुर्यता है
(b) तुलसी की कविता माधुर्यगुण प्रधान है
(c) तुलसी की कविता में मधुरतापन है
(d) तुलसी की कविता मधुराई से पूर्ण है

**35.** 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी' का भाव है
(a) काम न करने का बहाना बनाना
(b) खूब काम करना
(c) काम से दिल ऊबना
(d) काम में आलस्य करना

**निर्देश** (प्र.सं. 36-39) *निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

मनुष्य नाशवान प्राणी है। वह जन्म लेने के बाद मरता अवश्य है। अन्य लोगों की भाँति महापुरुष भी नाशवान हैं। वे भी समय आने पर अपना शरीर छोड़ देते हैं, पर वे मरकर भी अमर हो जाते हैं। वे अपने पीछे छोड़े गए कार्य के कारण अन्य लोगों के द्वारा याद किए जाते हैं। उनके ये कार्य चिरस्थायी होते हैं और समय के साथ-साथ परिणाम और बल में बढ़ते जाते हैं। ऐसे कार्य के पीछे जो उच्च आदर्श होते हैं; वे स्थायी होते हैं और बदली परिस्थितियों में नए वातावरण के अनुसार, अपने को ढाल लेते हैं। संसार ने पिछली पच्चीस शताब्दियों से भी अधिक में जितने भी महापुरुषों को जन्म दिया है, उनमें गाँधीजी को यदि बड़ा माना जाता है, तो भविष्य में भी उन्हें सबसे बड़ा माना जाएगा, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की गतिविधियों को विभिन्न भागों में नहीं बाँटा, बल्कि जीवनधारा को हमेशा एक और अविभाज्य माना, जिन्हें हम सामाजिक, आर्थिक और नैतिक के नाम से पुकारते हैं। वे वास्तव में, उसी धारा की उपधाराएँ हैं, उसी भवन के अलग-अलग पहलू हैं। उन्होंने सदा साध्य को ही महत्त्व नहीं दिया, बल्कि उस साध्य को पूरा करने के लिए अपनाए जाने वाले साधनों का भी ध्यान रखा। साध्य के साथ-साथ उसकी पूर्ति के लिए अपनाए गए साधन भी उपयुक्त होने चाहिए।

**36.** सामान्य पुरुष की तुलना में महापुरुष में सर्वाधिक विशेषता क्या है?
(a) महापुरुष के कार्य समय के साथ परिणाम और बल में बढ़ते जाते हैं
(b) महापुरुष मरकर भी अमर हो जाते हैं
(c) महापुरुष शरीर छोड़ने के बाद भी लोगों द्वारा याद किए जाते हैं
(d) महापुरुष जीवन में महान् कार्य करते हैं

**37.** महापुरुष मरकर भी अमर क्यों हो जाते हैं?
(a) महापुरुष बदली परिस्थितियों में नए वातावरण के अनुसार, अपने को ढाल लेते हैं
(b) उनके कार्य भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय होते हैं
(c) महापुरुष आजीवन लोक मंगल की साधना में तत्पर रहते हैं
(d) वे अपने पीछे छोड़ गए चिरस्थायी आदर्श कार्यों के कारण अन्य लोगों द्वारा याद किए जाते हैं

**38.** गाँधीजी को सबसे बड़ा महापुरुष क्यों माना जाता है?
(a) क्योंकि वह पिछली पच्चीस शताब्दियों में सबसे महान थे
(b) क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की गतिविधियों को विभिन्न भागों में नहीं बाँटा
(c) गाँधीजी का एकमात्र लक्ष्य दरिद्रनारायण के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्तर को सुदृढ़ करना था और इसके लिए वे समर्पित थे
(d) उन्होंने साध्य व साधन को समान महत्त्व नहीं दिया

**39.** गाँधीजी के अनुसार, साध्य और साधन में अधिक महत्त्वपूर्ण क्या है?
(a) साधन का ध्यान रखना अधिक महत्त्वपूर्ण है
(b) साध्य व साधन दोनों का पारस्परिक समान महत्त्व है
(c) साध्य के बिना साधन अर्थहीन है
(d) साधन व साध्य दोनों का अलग-अलग महत्त्व है

**40.** वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(a) विरहणी (b) विरहिणी
(c) विरिहणी (d) विरहिणि

**41.** नैसर्गिक का विलोम है
(a) सात्विक (b) कल्पित
(c) कृत्रिम (d) जटिल

**42.** चन्द्रशेखर शब्द में समास है
(a) तत्पुरुष (b) द्विगु
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

**43.** सूर्य का पर्यायवाची कौन नहीं है?
(a) आदित्य (b) सुधांशु
(c) दिवाकर (d) अंशुमाली

**44.** निम्नलिखित में से पवन का पर्यायवाची शब्द है
(a) अनल (b) अनिल (c) नलिन (d) सलिल

**45.** लोकायतन किस कवि की रचना है?
(a) सोहनलाल द्विवेदी (b) सुमित्रानन्दन पन्त
(c) श्रीधर पाठक (d) महादेवी वर्मा

**46.** निम्नलिखित में से आचार्य चतुरसेन रचित उपन्यास का नाम है
(a) गोदान (b) गढ़ कुण्डार
(c) चन्द्रकान्ता (d) सोमनाथ

**47.** 'हरि-पद कोमल कमल से' इस पद में अलंकार है
(a) उपमा (b) रूपक (c) प्रतीप (d) उत्प्रेक्षा

**48.** 'पेड़ पर पक्षी बैठे हैं।' इस वाक्य में 'पेड़ पर' पद में कौन-सा कारक है?
(a) करण (b) अपादान
(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण

**49.** वह <u>आजकल</u> दिल्ली में है। इस वाक्य में रेखांकित शब्द है
(a) क्रिया-विशेषण (b) अव्यय
(c) सर्वनाम (d) क्रिया

**50.** 'रामचरितमानस' की रचना की गई है
(a) अवधी में (b) ब्रजभाषा में
(c) भोजपुरी में (d) मैथिली में

**51.** निम्नलिखित में तत्सम शब्द है
(a) जलद (b) बादल (c) हवा (d) पानी

**52.** निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) आकाश (b) मेघ
(c) पवन (d) सियार

**53.** महर्षि शब्द में कौन-सी सन्धि है?
(a) दीर्घ सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) गुण सन्धि (d) यण् सन्धि

**54.** उल्लास का सन्धि-विच्छेद है
(a) उल + आस (b) उल्ल + आस
(c) उल् + लास (d) उत् + लास

**55.** किसी विषय में विद्वत्ता प्राप्त करने के लिए ……… आवश्यक है।
(a) प्रतियोगिता (b) अध्यवसाय
(c) चिन्तन (d) मनन

**56.** सुमित्रानन्दन पन्त का जन्म ……… में हुआ था।
(a) भवाली (b) कौसानी
(c) नैनीताल (d) अल्मोड़ा

**57.** 'भगवान भारतवर्ष में गूँजे हमारी भारती' किस कवि की रचना की पंक्ति है?
(a) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(b) रामनरेश त्रिपाठी
(c) श्यामनारायण पाण्डेय
(d) मैथिलीशरण गुप्त

**58.** पहाड़ पर लालटेन किसकी रचना है?
(a) रमेशचन्द्र शाह (b) शिवानी
(c) मंगलेश डबराल (d) नागार्जुन

Adda247 GET IT ON Google Play



59. जयशंकर प्रसाद बहुत बड़े नाटककार थे। उन्होंने ……… नाटक की रचना की।
(a) अजातशत्रु (b) शशिगुप्त
(c) झाँसी की रानी (d) राजमुकुट

60. निम्नलिखित में से रीतिकालीन कवि कौन हैं?
(a) मीराबाई (b) सूरदास
(c) नाभादास (d) बिहारी लाल

## भाग–III सामान्य अंग्रेजी

**Directions** (Q. Nos. 61-62) *Choose the correct form of verb to complete the sentence.*

61. I ……… English for five years.
(a) Study
(b) am studying
(c) have been studying
(d) shall have studied

62. He ……… asleep while he was driving.
(a) falls (b) fell
(c) has fallen (d) will fall

**Directions** (Q. Nos. 63-67) *Read the following passage and complete the statements with appropriate options.*

One of the most famous monuments in the world, the Statue of Liberty was presented to the United States of America by the people of France. The great statue which was designed by the sculptor Auguste Bartholdi, took ten years to complete. The actual figure was made of copper supported by a metal framework which had been specially constructed by Eiffel. Before it could be transported to the United States. A site had to be found for it and a pedestal had to be built. The site chosen was an island at the entrance of the New York harbour. By 1884, a statue which was 151 feet tall had been erected in Paris. The following year, it was taken to pieces and sent to America by the end of October, 1886, the statue had been put together again and it was officially presented to the American people by Bartholdi. Ever since then, the great monument had been a symbol of liberty for the millions of people who have passed through New York Harbour to make their homes in America.

63. The Statue of Liberty was presented to America by
(a) Eiffel
(b) the people of England
(c) the people of France
(d) the people who made their homes in America

64. The great statue which took ten years to complete was designed by
(a) Bartholdi
(b) Lutian
(c) Eiffel
(d) a group of sculptors

65. The great statue was taken to pieces because
(a) it needed a pedestal
(b) it was not complete
(c) it was 151 feet tall
(d) it was a monument

66. What was the site for the great monument to be installed?
(a) At Atlanta
(b) At the bank of Amazon
(c) Washington DC
(d) New York Harbour

67. Since October, 1886 it had been a symbol of
(a) sculptor (b) liberty
(c) fraternity (d) honesty

**Directions** (Q. Nos. 68-70) *Each of the sentences is divided into four parts marked as (a), (b), (c) and (d). Choose the incorrect part of the sentences.*

68. There are fifteen (a)/ top class institutions (b)/ of hotel management (c)/ at India. (d)

69. Students are (a)/ judged (b)/ on the basis (c)/ from their personality. (d)

70. Teachers were (a)/ ask to (b)/ speak extempore (c)/ on one of the given subjects. (d)

**Directions** (Q. Nos. 71-72) *Choose the correct preposition to complete the following sentences.*

71. His father died ……… cancer.
(a) from (b) of (c) with (d) off

72. I have eaten nothing ……… yesterday.
(a) for (b) from (c) since (d) till

**Directions** (Q. Nos. 73-74) *Identify the correct alternative from the given ones to fill in the blanks in the sentences given below.*

73. Why should he ……… by me?
(a) be suspected
(b) being suspected
(c) have been suspected
(d) suspect

74. The recitation ……… the audience.
(a) was pleased (b) pleased
(c) have been pleased (d) will be pleased

**Directions** (Q. Nos. 75-77) *Identify the correct alternative from the given ones to fill in the blanks in the sentences given below.*

75. The thief ……… before the police arrived.
(a) was running away
(b) had run away
(c) ran away
(d) has been running away

76. It ……… since midnight.
(a) have been raining
(b) has been raining
(c) rained
(d) was raining

77. India ……… in this trophy next year.
(a) has participated (b) will participate
(c) participate (d) was participating

78. "O my love's like a red, red rose." The figure of speech used here is
(a) Metaphor (b) Simile
(c) Personification (d) Oxymoron

79. Which method is helpful in permanent learning?
(a) Listening (b) Cramming
(c) Practising (d) Reading

80. Crying of a child is
(a) language (b) dialect
(c) sound (d) sign language

**Directions** (Q. Nos. 81-83) *Choose one out of the four alternatives which best expresses the meaning of the given word.*

81. Elegant
(a) Grateful (b) Slothful
(c) Graceful (d) Thankful

82. Amazing
(a) Frightening (b) Very surprising
(c) Amusing (d) Attractive

83. Irksome
(a) annoying (b) soothing
(c) pleasing (d) facile

**Directions** (Q. Nos. 84-85) *Identify the correct alternative from the given ones to fill in the blanks in the sentences given below.*

84. I need a pen. Could you give me ……… ?
(a) any (b) one (c) same (d) a pen

Adda247 GET IT ON Google Play



85. I talked to a group of children. Some of ......... were very intelligent.
(a) them (b) their (c) they (d) theirs

**Directions** (Q. Nos. 86-88) *Four words are given in each question. Choose the word of correct spelling.*

86. (a) Mandatary (b) Compalsory
(c) Temporari (d) Arguably

87. (a) Dialogue (b) Monolog
(c) Milege (d) Damaze

88. (a) Tunnle (b) Trable
(c) Tumble (d) Tussel

**Directions** (Q. Nos. 89-90) *Choose the word opposite in meaning to the given word.*

89. Culpable
(a) Defendable (b) Careless
(c) Irresponsible (d) Blameless

90. Arrogant
(a) Humble (b) Cowardly
(c) Egoistic (d) Gentlemanly

## भाग–IV सामाजिक अध्ययन

91. भूमि की माप के आधार पर भू-राजस्व और प्रति बिस्वा उपज का आकलन सबसे पहले किसके शासनकाल में किया गया?
(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) मोहम्मद-बिन-तुगलक
(c) फिरोज शाह तुगलक
(d) सिकन्दर लोदी

92. निम्न में से कौन-सा विकल्प आदर्श पाठ योजना की विशेषता को प्रदर्शित करता है?
(a) उदाहरणों का प्रयोग
(b) भाषा की सरलता
(c) व्यक्तिगत पथ प्रदर्शन
(d) उपरोक्त सभी

93. डूरण्ड कप किस खेल से सम्बन्धित है?
(a) हॉकी (b) टेनिस
(c) फुटबॉल (d) बैडमिण्टन

94. आवेदक, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में किस धारा के अन्तर्गत वांछित सूचना प्राप्त कर सकता है?
(a) 6 (1) (b) 7 (1) (c) 8 (1) (d) 11 (1)

95. निम्न में से किसका प्रावधान शिक्षा का अधिकार अधिनियम में नहीं किया गया?
(a) 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना
(b) कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा तथा डोनेशन पर प्रतिबन्ध
(c) बच्चों को रोजगार की गारण्टी देना
(d) प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करने की स्थिति में सार्वजनिक परीक्षा लेना

96. संसद का सदस्य न होते हुए भी निम्न में से कौन संसद की कार्यवाही में प्रतिभाग कर सकता है?
(a) महालेखा परीक्षक
(b) महान्यायवादी
(c) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(d) सॉलिसिटर जनरल

97. भारत के संविधान की प्रस्तावना में किस संविधान संशोधन के द्वारा समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द को सम्मिलित किया गया है?
(a) 42वाँ संशोधन (b) 52वाँ संशोधन
(c) 46वाँ संशोधन (d) 43वाँ संशोधन

98. सर्वोच्च न्यायालय ने किस केस (वाद) में निर्णय देते हुए स्पष्ट किया कि संसद, संविधान के मूल स्वरूप में परिवर्तन नहीं कर सकती?
(a) गोलकनाथ केस में
(b) केशवानन्द भारती केस में
(c) मिनरवा मिल्स केस में
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत भारत के किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है?
(a) अनुच्छेद-370 (b) अनुच्छेद-352
(c) अनुच्छेद-356 (d) अनुच्छेद-360

100. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित हुआ
(a) वर्ष 1966 में (b) वर्ष 1976 में
(c) वर्ष 1986 में (d) वर्ष 1996 में

101. सामाजिक विज्ञान विषय की विषय-वस्तु के शिक्षण में बालक की अवधारणात्मक समझ विकसित की जाए, तो बालक में कौन-सा परिवर्तन परिलक्षित नहीं होगा?
(a) सामाजिक मुद्दों पर स्वतन्त्र रूप से सोचने का विकास
(b) सामाजिक मुद्दों की आलोचनात्मक समीक्षा करने की क्षमता का विकास
(c) रटने की क्षमता का विकास
(d) नैतिक क्षमता का विकास

102. भारत में जल संग्रहण से सम्बन्धित 'नीरू-मीरू' कार्यक्रम किस प्रदेश में चलाया जाता है?
(a) राजस्थान (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) उत्तराखण्ड (d) मणिपुर

103. वह देश जहाँ पर शत-प्रतिशत जनसंख्या नगरों में वास करती है
(a) जापान (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) न्यूजीलैण्ड (d) सिंगापुर

104. भारत में ग्रीष्मकालीन मानसूनी हवाएँ किस दिशा की ओर चलती हैं?
(a) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व
(b) उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम
(c) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पश्चिम
(d) उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पश्चिम

105. जब दिन और रात की अवधि बराबर होती है, तो सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं
(a) उत्तरी ध्रुव पर (b) भूमध्य रेखा पर
(c) दक्षिणी ध्रुव पर (d) कर्क रेखा पर

106. सामाजिक विज्ञान के अध्यापक का उद्देश्य होना चाहिए
(a) सामाजिक समरसता का विकास करना
(b) सामाजिक व्यवस्था का नवनिर्माण करना
(c) सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूँढ़ना
(d) उपरोक्त सभी

107. कक्षा में सामाजिक रूप से उपेक्षित बच्चों के प्रोत्साहन के लिए आप क्या करेंगे?
(a) सामाजिक कुरीतियों पर कटाक्ष करेंगे
(b) अन्धविश्वासों की उपेक्षा करेंगे
(c) समाज के रीति-रिवाजों का विश्लेषण करेंगे
(d) समाज की बुराइयों को कम करने एवं अच्छाइयों को प्रोत्साहित करने को कहेंगे

108. सामाजिक विज्ञान के अध्यापकों को छात्रों को देना चाहिए
(a) सामाजिक समस्याओं का ज्ञान
(b) सामाजिक कुरीतियों के निदान का ज्ञान
(c) नए सामाजिक संरचनात्मक परिवर्तनों का ज्ञान
(d) संस्कारी व्यवस्था/समाज के निर्माण हेतु उपरोक्त सभी प्रकार का ज्ञान

109. तीन ओर से समुद्र से घिरा हुआ स्थलीय भाग कहलाता है
(a) तट (b) द्वीप
(c) प्रायद्वीप (d) डेल्टा

110. अस्पृश्यता का अन्त भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?
(a) अनुच्छेद-16 (b) अनुच्छेद-17
(c) अनुच्छेद-18 (d) अनुच्छेद-14

111. संसद में प्रश्नकाल के समय किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं?
(a) अतारांकित प्रश्न (b) तारांकित प्रश्न
(c) 'a' और 'b' दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

112. लॉर्ड कार्नवालिस ने राजस्व बन्दोबस्त की निम्न में से किस व्यवस्था को लागू कराया?
(a) रैयतवाड़ी (b) काश्तकारी
(c) महालवाड़ी (d) इस्तमरारी

113. जब भारत में सायं के 8:30 बज रहे हों, तो इंग्लैण्ड में मानक समय होगा
(a) 3:00 सायं (b) 3:00 प्रातः
(c) 7:30 प्रातः (d) 3:30 सायं

Adda247
GET IT ON Google Play



**114.** नैनीताल झील को स्कन्द पुराण में निम्न में से किस नाम से जाना गया है?
(a) सप्तऋषि सरोवर (b) अगस्त्य सरोवर
(c) त्रिऋषि सरोवर (d) पंचऋषि सरोवर

**115.** उत्तराखण्ड का वह लोक गीत जो विरह, वियोग, व्याकुलता में गाया जाता है, वह है
(a) चांचरी (b) न्यौली (c) झुमेलो (d) चौंफला

**116.** निम्न देशों में से कौन आसियान (ASEAN) का सदस्य नहीं है?
(a) इण्डोनेशिया (b) सिंगापुर
(c) दक्षिण कोरिया (d) फिलीपीन्स

**117.** वर्तमान विश्व अर्थव्यवस्था में उभरता हुआ उद्योग कौन-सा है?
(a) सूती वस्त्र उद्योग
(b) लोहा-इस्पात उद्योग
(c) सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग
(d) सीमेण्ट उद्योग

**118.** 'स्वर्णिम चतुर्भुज' परियोजना है
(a) जल-विद्युत शक्ति परियोजना
(b) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना
(c) वन्य जन्तु संरक्षण परियोजना
(d) नदी संयोजन परियोजना

**119.** प्रोजेक्ट कार्य के अंग हैं
1. रिपोर्ट लेखन
2. स्थल का अवलोकन
3. सम्बन्धित जानकारी का संकलन
4. स्थल का चिह्नीकरण

कूट
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 4, 2, 3, 1 (d) 1, 3, 4, 2

**120.** छात्रों में सृजनात्मकता का निर्माण करने के लिए आप क्या करेंगे?
(a) छात्रों को कक्षा में पढ़ाएँगे
(b) छात्रों को गृहकार्य देंगे
(c) छात्रों को प्रोजेक्ट कार्य देंगे
(d) नवाचार सम्बन्धी कार्य देंगे

**121.** गन्धार कला पर किस विदेशी कला का प्रभाव है?
(a) मिस्र (b) चीनी (c) रोमन (d) यूनानी

**122.** खजुराहो मन्दिर किस राजवंश के राजाओं द्वारा निर्मित किए गए?
(a) राजपूत वंश के (b) चोल वंश के
(c) चन्देल वंश के (d) पल्लव वंश के

**123.** इल्तुतमिश किस वंश का शासक था?
(a) सैयद वंश (b) खिलजी वंश
(c) गुलाम वंश (d) लोदी वंश

**124.** सत्यमेव जयते लिया गया है
(a) हितोपदेश से
(b) ऋग्वेद से
(c) मुण्डक उपनिषद् से
(d) महाभारत से

**125.** सत्यशोधक समाज के संस्थापक थे
(a) डॉ. बी आर अम्बेडकर
(b) नारायण गुरु
(c) ज्योतिबा फुले
(d) दयानन्द सरस्वती

**126.** निम्न में से कौन-सी भारतीय कम्पनी बहुराष्ट्रीय कम्पनी नहीं है?
(a) टाटा मोटर्स (b) रेनबेक्सी
(c) एशियन पेण्ट्स (d) ये सभी

**127.** आई.एस.आई चिह्न सम्बन्धित है
(a) वस्तुओं की गुणवत्ता से
(b) खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से
(c) आभूषणों की गुणवत्ता से
(d) जीवन मूल्यों की गुणवत्ता से

**128.** विश्व में गन्ने का उत्पादन सर्वाधिक किस देश में होता है?
(a) ब्राजील (b) भारत
(c) क्यूबा (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

**129.** 1893 ई. में अमेरिका के किस शहर में स्वामी विवेकानन्द ने भारत के प्रतिनिधि के रूप में विश्व धर्म संसद में प्रेरणादायक भाषण दिया?
(a) न्यूयॉर्क (b) शिकागो
(c) वाशिंगटन (d) कैलिफोर्निया

**130.** समतापमण्डल में ओजोन परत का कार्य है
(a) वायुमण्डलीय दाब को स्थिर रखना
(b) भूकम्पों की आवृत्ति को घटाना
(c) मानसूनों की विफलता को बचाना
(d) भू-तल पर आने वाले पराबैंगनी विकिरण को रोकना

**131.** 'लोथल' ......... था।
(a) हड़प्पा सभ्यता का बन्दरगाह एवं व्यापारिक केन्द्र
(b) हड़प्पा की कृषि तकनीक का केन्द्र
(c) हड़प्पा सभ्यता की मूर्तिकला का केन्द्र
(d) सिन्धु सभ्यता का शिक्षा केन्द्र

**132.** पंचसिद्धान्तिका के रचयिता कौन थे?
(a) आर्यभट्ट (b) अश्वघोष
(c) ब्रह्मगुप्त (d) वराहमिहिर

**133.** निम्न में से वह कौन-सा शहर है, जो एशिया और यूरोप दोनों महाद्वीपों में है?
(a) बर्लिन (b) रोम
(c) इस्ताम्बुल (d) प्राग

**134.** वह कौन-सी एकमात्र भाषा है, जो चीनी-तिब्बती लिपि में भारतीय नोटों पर छपी है?
(a) असमी (b) बांग्ला
(c) मणिपुरी (d) उड़िया

**135.** वर्ष 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार, उत्तराखण्ड की जनसंख्या है
(a) 8460942 (b) 8975454
(c) 10116752 (d) 12015900

**136.** निम्न में से कोंकणी किस प्रदेश की मुख्य भाषा है?
(a) केरल
(b) मिजोरम
(c) गोवा
(d) अरुणाचल प्रदेश

**137.** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के योजना प्रपत्र में समुदाय के अनुरूप कार्यप्रणाली का विवेचन किया गया है, जिसमें अध्यापक शिक्षा के सुझाव दिए गए हैं।
निम्न में से कौन-सा सुझाव योजना प्रपत्र में वर्णित नहीं है?
(a) विशिष्ट संस्तुतियाँ
(b) स्तरों के अनुसार, उद्देश्य एवं पाठ्यक्रम का प्रारूप
(c) मूल्यांकन प्रक्रिया
(d) माध्यमिक विद्यालयों के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया

**138.** विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय स्थित है
(a) हेग में (b) प्राग में
(c) जेनेवा में (d) वियना में

**139.** प्रथम वित्त आयोग ने आयकर के शुद्ध आगम का कितने प्रतिशत संघ द्वारा राज्यों को दिए जाने की संस्तुति की?
(a) 40% (b) 55%
(c) 80% (d) 25%

**140.** विद्यालय में शिक्षक द्वारा सक्षम वातावरण बनाने के लिए किन बातों का पोषण करना चाहिए?
(a) सामाजिक विविधता के प्रति सम्मान का
(b) बच्चों के अधिकारों और गरिमा के प्रति सजगता के भाव का
(c) सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता व आदर का भाव
(d) उपरोक्त सभी

**141.** उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर स्थित है
(a) लाखामण्डल, देहरादून में
(b) द्वाराहाट, अल्मोड़ा में
(c) कनखल, हरिद्वार में
(d) कटारमल, अल्मोड़ा में

**142.** भारत की मानक समय (याम्योत्तर) रेखा है
(a) 82° 30′ पूर्वी देशान्तर
(b) 97°25′ पूर्वी देशान्तर
(c) 68°7′ पूर्वी देशान्तर
(d) 76°5′ पूर्वी देशान्तर

**143.** भारत में ब्रह्मपुत्र नाम से पुकारी जाने वाली नदी चीन में किस नाम से जानी जाती है?
(a) सिन्धु (b) अवांग
(c) सांगपो (d) तांग्वो

**144.** सरदार सरोवर बाँध बना है
(a) कावेरी नदी पर (b) कृष्णा नदी पर
(c) महानदी पर (d) नर्मदा नदी पर

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play



**145.** वेदों की ओर लौटो किसके द्वारा कहा गया?
(a) विवेकानन्द
(b) रामकृष्ण परमहंस
(c) दयानन्द सरस्वती
(d) बाल गंगाधर तिलक

**146.** मुगल शासन प्रणाली में दीवान-ए-तन नामक अधिकारी का क्या कार्य था?
(a) बंजर भूमि का प्रबन्ध करना
(b) सब अधिकारियों पर नजर रखना
(c) वेतन सम्बन्धी मामलों को देखना
(d) जागीरों का हिसाब रखना

**147.** खानवा का युद्ध किनके बीच लड़ा गया?
(a) बाबर और राणा सांगा
(b) बाबर और इब्राहिम लोदी
(c) बाबर और सिकन्दर लोदी
(d) बाबर और हयात खाँ

**148.** इम्पीरियल बैंक का नाम इसके राष्ट्रीयकरण के बाद बदलकर ……… रख दिया गया।
(a) पंजाब नेशनल बैंक
(b) बैंक ऑफ बड़ौदा
(c) इलाहाबाद बैंक
(d) भारतीय स्टेट बैंक

**149.** उत्तराखण्ड में निम्न में से वह कौन-सा आवासीय विद्यालय है, जिसमें केवल अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों हेतु प्रवेश की व्यवस्था की गई?
(a) राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय
(b) जवाहर नवोदय विद्यालय
(c) कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय
(d) एकलव्य आवासीय विद्यालय

**150.** समुद्रगुप्त के बाद चन्द्रगुप्त द्वितीय मगध की गद्दी पर बैठा। उसने शकों को पराजित कर निम्न में से कौन-सी उपाधि धारण की?
(a) महाराजा (b) चक्रवर्ती
(c) शकारि विक्रमादित्य (d) महासम्राट

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (b) | 2 | (d) | 3 | (d) | 4 | (b) | 5 | (d) | 6 | (c) | 7 | (d) | 8 | (d) | 9 | (d) | 10 | (a) |
| 11 | (b) | 12 | (d) | 13 | (c) | 14 | (b) | 15 | (a) | 16 | (c) | 17 | (b) | 18 | (b) | 19 | (a) | 20 | (d) |
| 21 | (a) | 22 | (c) | 23 | (b) | 24 | (d) | 25 | (d) | 26 | (c) | 27 | (a) | 28 | (d) | 29 | (b) | 30 | (a) |
| 31 | (b) | 32 | (d) | 33 | (a) | 34 | (a) | 35 | (a) | 36 | (d) | 37 | (d) | 38 | (b) | 39 | (b) | 40 | (b) |
| 41 | (c) | 42 | (c) | 43 | (b) | 44 | (b) | 45 | (b) | 46 | (d) | 47 | (a) | 48 | (d) | 49 | (b) | 50 | (a) |
| 51 | (a) | 52 | (d) | 53 | (c) | 54 | (d) | 55 | (b) | 56 | (b) | 57 | (d) | 58 | (c) | 59 | (a) | 60 | (d) |
| 61 | (c) | 62 | (b) | 63 | (c) | 64 | (a) | 65 | (c) | 66 | (d) | 67 | (b) | 68 | (d) | 69 | (d) | 70 | (b) |
| 71 | (b) | 72 | (c) | 73 | (a) | 74 | (b) | 75 | (b) | 76 | (b) | 77 | (b) | 78 | (b) | 79 | (c) | 80 | (d) |
| 81 | (c) | 82 | (b) | 83 | (a) | 84 | (b) | 85 | (a) | 86 | (d) | 87 | (a) | 88 | (c) | 89 | (d) | 90 | (a) |
| 91 | (a) | 92 | (d) | 93 | (c) | 94 | (a) | 95 | (c) | 96 | (b) | 97 | (a) | 98 | (b) | 99 | (c) | 100 | (c) |
| 101 | (c) | 102 | (b) | 103 | (d) | 104 | (a) | 105 | (b) | 106 | (d) | 107 | (d) | 108 | (d) | 109 | (c) | 110 | (b) |
| 111 | (c) | 112 | (d) | 113 | (a) | 114 | (c) | 115 | (c) | 116 | (c) | 117 | (c) | 118 | (b) | 119 | (c) | 120 | (c) |
| 121 | (*) | 122 | (c) | 123 | (c) | 124 | (c) | 125 | (c) | 126 | (d) | 127 | (a) | 128 | (a) | 129 | (b) | 130 | (d) |
| 131 | (a) | 132 | (d) | 133 | (c) | 134 | (a) | 135 | (c) | 136 | (c) | 137 | (d) | 138 | (c) | 139 | (b) | 140 | (d) |
| 141 | (b) | 142 | (a) | 143 | (c) | 144 | (d) | 145 | (c) | 146 | (c) | 147 | (a) | 148 | (d) | 149 | (d) | 150 | (c) |

*नोट (*) दिए गए विकल्पों में से कोई विकल्प सही नहीं है।*

Adda247

## संकेत एवं हल

**1.** (b) भूख और प्यास जन्मजात प्रेरक के उदाहरण हैं। जन्मजात प्रेरक व्यक्ति में जन्म से ही पाए जाते हैं। इनको जैविक अथवा शारीरिक प्रेरक भी कहा जाता है।

**2.** (d) कक्षा-कक्ष में शिक्षक व विद्यार्थियों के मध्य सम्प्रेषण उद्देश्य केन्द्रित होना चाहिए, जिससे कि पढ़ाई जा रही विषय-वस्तु का अधिकाधिक स्पष्टीकरण हो सके।

**3.** (d) यदि कोई बच्चा स्कूल में हमेशा देर से पहुँचता है, तो एक शिक्षक को चाहिए कि वह उसके देर से आने के कारणों का पता लगाए तथा कोई उपयुक्त समाधान करे।

**4.** (b) आज बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में शिक्षा हेतु सर्वाधिक उपयुक्त उपागम सृजनवादी है।

**5.** (d) स्कूलों में अधिकतर शिक्षकों में अपने छात्रों के लिए घृणा की भावना बहुत कम पाई जाती है।

**6.** (c) परीक्षा में विद्यार्थियों से समझ एवं अनुप्रयोग पर आधारित प्रश्न पूछने चाहिए, जो विद्यार्थियों के मानसिक स्तर का पता लगाने में सहायक होते हैं।

**7.** (d) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुसार, बहुभाषिता को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में एक महत्त्वपूर्ण संसाधन के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। अतः कक्षा में उपस्थित कोई बहुभाषी विद्यार्थी सीखने (अधिगम) हेतु एक समृद्ध संसाधन है।

**8.** (d) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के अन्तर्गत यदि छात्र पढ़ने में रुचि लेना बन्द कर दे, तो निश्चित ही यह एक बड़ी समस्या है। अतः ऐसी स्थिति में एक शिक्षक को चाहिए कि वह इस समस्या का कारण जानने की कोशिश करे तथा उसका समाधान करे।

**9.** (d) निष्पत्ति लब्धि (Achievement Quotient) शैक्षिक उपलब्धि के आकलन का एक महत्त्वपूर्ण सूचकांक (Index) है। इसे छात्र की शैक्षिक आयु (Educational Age) तथा मानसिक आयु (Mental Age) के अनुपात में 100 से गुणा करके प्राप्त किया जाता है। मानसिक आयु